ENTRI
GET IT ON Google Play

Solutions 53th -55th B.P.S.C (P.T.) Previous Year Solved Paper - 2010

1 - B
सिन्धु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) के अन्तर्गत अहमदाबाद जिले (गुजरात) के निकट भोगवा नदी के तट पर सरागवाला ग्राम के निकट स्थित लोथल बन्दरगाह नगर की सर्वप्रथम खोज डा. एस. आर. राव ने 1957 ई. में की थी। यह स्थल पश्चिमी एशिया से व्यापार का प्रमुख बन्दगाह था। यहाँ की सर्वाधिक प्रसिद्ध उपलब्धि हड़प्पाकालीन बन्दरगाह के अतिरिक्त विशिष्ट मृदभाण्ड, उपकरण, बाट एवं माप तथा पाषाण उपकरण हैं। लोथल के पूर्वी भाग में स्थित बन्दरगाह (गोदी) का औसत आकार 214 × 36 मीटर तथा गहराई 3.3 मीटर है। यहाँ से मेसोपोटामिया की बेलनाकार मुहर प्राप्त हुई है।

2 - C
कुमारगुप्त प्रथम की मृत्यु के बाद स्कन्दगुप्त शासक बना। गुप्त सम्राट 'स्कन्दगुप्त' ने हूणों को पराजित किया था। उसके द्वारा शासन की बागडोर सँभालते ही हूणों (म्लेच्छों) ने उस पर आक्रमण किया। स्कन्दगुप्त की हूणों पर सफलता का गुणगान जूनागढ़ अभिलेख में मिलता है।

3 - D
कल्हण कश्मीर के प्रसिद्ध संस्कृत कवि एवं इतिहासकार थे। लोहार वंश के शासक हर्ष के दरबार में कल्हण ऊँचे पद पर थे। उन्होंने अपने विख्यात ग्रन्थ 'राजतरंगिणी' की रचना अन्तिम लोहार शासक जयसिंह के समय में की, जिसमें कश्मीर के इतिहास का तिथिवार एवं व्यवस्थित उल्लेख किया है। राजतरंगिणी में कुल 8 तरंग एवं 8000 श्लोक हैं। यह पुस्तक 12वीं सदी में लिखी गयी।

4 - A
रूद्रदामन प्रथम शक क्षत्रप शासक था। उसने सातवाहन नरेश शातकर्णी को दो बार परास्त किया तथा यादवों पर भी विजय प्राप्त की, जूनागढ़ अभिलेख में भी पता चलता हैं कि उसके साम्राज्य में गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, उत्तरी कोंकण, सिन्धु घाटी के प्रदेश मालवा और मारवाड़ सम्मिलित थे। उल्लेखनीय है की यह अभिलेख अशोक का है, जिस पर रुद्रदामन ने अपना लेख लिखवाया।

5 - A
महावीर स्वामी का जन्म वैशाली के निकट कुण्डग्राम (वज्जिसंघ गणराज्य) के ज्ञातृक कुल के प्रधान सिद्धार्थ के यहाँ 540 ई.पू. में हुआ था। इन्हें जैनियों के 24वें व अन्तिम तीर्थंकर तथा जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक के रूप में जाना जाता है। इन्होंने पंचशील सिन्द्धात का प्रतिपादन किया। इन्होंने ब्रह्मचर्य को नैतिक गुण में जोड़ दिया।

6 - C

ENTRI
GET IT ON Google Play

महात्मा बुद्ध अपने जीवन के अन्तिम पड़ाव में हिरण्यवती नदी के तट पर स्थित कुशीनारा पहुँचे। जहाँ पर 483 ई.पू. में 80 वर्ष की अवस्था में कुशीनारा (पावापुरी) में कार्तिक अमावस्या को इनकी मृत्यु हो गई। इसे बौद्ध धर्म परम्परा में 'महापरिनिर्वाण' के नाम से जाना जाता है।

7 - B
महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश (धर्मचक्रप्रवर्तन) सारनाथ (ऋषिपत्तनम) में दिया था जिसमें उनके पांच ब्राह्मण संन्यासी मित्र शामिल थे।

8 - C
मगध की प्रारम्भिक राजधानी राजगृह (गिरिव्रज) थी। जैन व पुराण ग्रन्थों के अनुसार उदायिन ने पाटलिपुत्र (कुसुमपुर) नामक नगर की स्थापना की तथा उसे अपनी राजधानी बनाया।

9 - B
अजातशत्रु (493 ई.पू.-461 ई.पू.) हर्यंक वंश का शासक था। उसे 'कुणिक' भी कहा जाता हैं क्योंकि वह अपने पिता बिम्बसार की हत्या कर मगध के राजसिंहासन पर बैठा था। अजातशत्रु की हत्या भी उसके पुत्र उदायिन द्वारा की गई।

10 - D
तृतीय बौद्ध संगीति मौर्य सम्राट अशोक के काल में 251 ई.पू. में पाटलिपुत्र में बुलाई गयी थी, जिसके अध्यक्ष मोग्गलिपुत्ततिस्स थे।

(बौद्ध संगीति)	(स्थान)
प्रथम बौद्ध संगीति	राजगृह
द्वितीय बौद्ध संगीति	वैशाली
तृतीय बौद्ध संगीति	पाटलिपुत्र
चतुर्थ बौद्ध संगीति	कश्मीर (कुण्डलवन)

11 - A
कुतुबुद्दीन ऐबक गुलाम वंश का प्रथम शासक था। उसे ही भारत में तुर्की राज्य का संस्थापक माना जाता है। वह दिल्ली का प्रथम तुर्क शासक था। मुहम्मद गोरी की मृत्यु के बाद चूँकि उसका कोई पुत्र नहीं था, इसलिए लाहौर की जनता ने मुहम्मद गोरी के प्रतिनिधि कुतुबुद्दीन ऐबक को लाहौर का शासन करने का निमन्त्रण दिया। ऐबक ने लाहौर पहुँचकर जून, 1206 ई. में अपना राज्याभिषेक कराया। अपने शासन के 4 वर्ष बाद ही 1210 ई. में लाहौर में चौगान (पोलो) खेलते समय घोड़े से गिरने के कारण ऐबक की मृत्यु हो गई।

12 - B
अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय रामचन्द्र देव देवगिरि का शासक था। अलाउददीन द्वारा 1296 ई. में देवगिरि के विरूद्ध किए गए अभियान की सफलता पर वहाँ के शासक रामचन्द्र देव ने प्रति वर्ष कर देने वायदा किया था। परन्तु रामचन्द्र देव के पुत्र शंकरदेव (सिंहनदेव) के हस्तक्षेप से वार्षिक कर का भुगतान रोक दिया गया। अतः अलाउद्दीन ने

ENTRI
GET IT ON Google Play

अपने नाइब मलिक काफूर के नेतृत्व में एक सेना को देवगिरि पर आक्रमण करने हेतु भेजा। भयानक लूटपाट के बाद रामचन्द्र ने आत्मसमर्पण कर दिया। रामचन्द्र के सुल्तान के समक्ष प्रस्तुत होने पर सुल्तान ने उसके साथ उदारता का व्यवहार किया और 'रायरायन' की उपाधि प्रदान की। उसे सुल्तान ने गुजरात के नवसारी की जागीर एवं लाख स्वर्ण टंके देकर वापस भेज दिया।

13 - D
अकबर ने अपने शासन काल में अनेक सुधार किए। मुगल सम्राट अकबर ने 1562 ई. में दास प्रथा, अगस्त 1563 ई. में तीर्थयात्रा-कर (विभिन्न तीर्थ स्थानों पर लगने वाला कर) तथा 1564 ई. में जजिया-कर को समाप्त कर दिया था।

14 - B
फिरोजशाह तुगलक द्वारा स्थापित 'दार-उल-सफा' एक खैराती अस्पताल (दीवान-ए-खैरात) था। इसमें कोई भी नि:शुल्क इलाज करवा सकता था। उसने एक रोजगार दफ्तर भी स्थापित किया था, जो बेरोजगार व्यक्तियों को कार्य दिलाता था।

15 - A
'स्थायी बन्दोबस्त' जमींदारों के साथ किया गया। स्थायी बन्दोबस्त को 'जमींदारी प्रथा' के नाम से भी जाना जाता है। इसके अन्तर्गत सम्पूर्ण ब्रिटिश भारत के क्षेत्रफल का लगभग 19 प्रतिशत भाग इसमें सम्मिलित था। इस व्यवस्था के अन्तर्गत जमींदार जिन्हें भू-स्वामी के रूप में मान्यता प्राप्त थी। 1786 ई. में कार्नवालिस बंगाल का गर्वनर जनरल बना। इसने जेम्स ग्रान्ट एवं सर जॉन शोर ने नवीन लगान व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया। 1790 ई. में कार्नवालिस ने दस वर्षीय व्यवस्था को लागू किया। 1793 ई. में इस व्यवस्था को बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा में स्थायी कर दिया गया और कालान्तर में इस उत्तर प्रदेश, बनारस खण्ड एवं उतरी कर्नाटका में भी लागू किया गया। स्थायी भूमिकर व्यवस्था तत्कालीन ब्रिटिश भारत की लगभग 19% भूमि पर लागू की गई। इस व्यवस्था के अन्तगर्त जमींदारों से मालगुजारी के रूप में एक निश्चित आय हमेशा के लिए निश्चित कर ली जाती थी। जमींदार किसान से वसूले गए लगान का 10/11 भाग सरकारी कोष में जमा करता था तथा शेष 1/11 भाग अपने खर्चे, परिश्रम व दायित्व के लिए अपने पास रख लेता था। जमींदार भूमि को बेच सकता था और रहम व दान में दे सकता था।

16 - A
आचार्य केशवचन्द्र की महाराष्ट्र यात्रा से प्रभावित होकर महादेव गोविन्द रानाडे और आत्माराम पाण्डुरंग ने 1857 ई. में बम्बई में 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य जाति प्रथा का विरोध, स्त्री-पुरूष के विवाह की आयु में वृद्धि, विधवा विवाह, स्त्री शिक्षा का प्रोत्साहन आदि था। प्रार्थना समाज संस्था के सहयोग से ही कालान्तर में 'दलित जाति मण्डल', 'समाज सेवा संघ' तथा 'दक्कन शिक्षा संघ' की स्थापना हुई।

17 - D
राजा राममोहन राय प्रथम भारतीय थे, जिन्होंने सबसे पहले भारतीय समाज में व्याप्त मध्ययुगीन बुराइयों के विरोध में आन्दोलन चलाया। उनके नवीन विचारों के कारण ही उन्हें 19वीं शताब्दी के भारत में 'पुनर्जागरण आन्दोलन' का जनक माना जाता है। उन्होंने 20 अगस्त, 1828 ई. को कलकत्ता में 'ब्रहम समाज' की स्थापना की। ब्रहम समाज हिन्दू धर्म का प्रथम सुधार आन्दोलन था। राजा राममोहन राय ने एकेश्वरवाद में विश्वास व्यक्त करते हुए

ENTRI
GET IT ON Google Play

मूर्तिपूजा एवं अवतारवाद का विरोध किया। उन्होंने धर्म-ग्रन्थों को मानवीय अन्तर्रात्मा तथा तर्क से ऊपर नहीं माना। उन्होंने 1814 ई. में 'आत्मीय सभा' तथा 1815 ई. में 'वेदान्त कॉलेज' की स्थापना की।

18 - D
1 जनवरी, 1923 ई. को चितरंजन दास ने मोतीलाल नेहरू, विठ्ठलभाई पटेल, मदन मोहन मालवीय और जयकर के साथ मिलकर इलाहाबाद में कांग्रेस के खिलाफ 'कांग्रेस खिलाफत पार्टी' जिसे सामान्यतः स्वराज्य पार्टी (स्वराज दल) के नाम से जाना जाता था, की स्थापना की। जिसके अध्यक्ष चित्तरंजन दास और सचिव मोतीलाल नेहरू बनाए गए। स्वराजवादियों ने विधानमण्डलों के चुनाव लड़ने व विधानमण्डलों में पहुँचकर सरकार की आलोचना करने की रणनीति बनाई।

19 - A
1875 ई. में मैडम एच.पी. ब्लावत्सकी तथा कर्नल आल्काट ने न्यूयार्क में 'थियोसाफिकल सोसाइटी' की स्थापना की। इसका उद्देश्य धर्म को आधार बनाकर समाज सेवा करना, धार्मिक एवं भाईचारे की भावना को बढ़ाना, प्राचीन धर्म दर्शन एवं किसान के अध्ययन को सहयोग करना था। भारत में इसे फैलाने का श्रेय ऐनी बेसेन्ट को था। थियोसाफिकल सोसाइटी ने भारत में 1882 ई. में आड्यार (मद्रास) में अपना अन्तर्राष्ट्रीय कार्यालय खोला था। स्वतंत्रता आन्दोलन में इस सोसाइटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

20 - B
बाल गंगाधर तिलक महान् स्वतन्त्रता सेनानी थे। उनका प्रसिद्ध नारा है- ''स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, जिसे मैं लेकर रहूँगा''। माण्डले (बर्मा) की जेल में कारावास के दौरान बाल गंगाधर तिलक ने 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक की रचना की। इसी दौरान उन्होंने 'आर्कटिक होम ऑफ द वेदाज' भी लिखी। उन्होंने अपने मित्र चिपलुणकर एवं आगरकर के सहयोग से 1881 ई. में 'द मराठा' (अंग्रेजी) एवं 'केसरी' (मराठी) नामक साप्ताहिक पत्रों का सम्पादन किया।

21 - B
काँग्रेस ने 'स्वराज' प्रस्ताव वर्ष 1905 ई. में पारित किया था। इस प्रस्ताव का प्रमुख उद्देश्य 'स्वशासन सुनिश्चित करना' था। 1905 ई. में हुए काँग्रेस के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए गोपाल कृष्ण गोखले ने स्वदेशी और बहिष्कार आन्दोलन का समर्थन किया था। 1906 ई. में कलकता में हुए काँग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए दादाभाई नौरोजी ने पहली बार 'स्वराज' की माँग प्रस्तुत की थी। कांग्रेस के मंच से 'स्वराज' की माँग सर्वप्रथम दादाभाई नौरोजी ने रखी थी।

22 - A
प्रान्तीय सरकारों का गठन भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत् किया गया था। प्रान्तीय विषयों पर विधि बनाने का अधिकार प्रान्तों को दिया गया था तथा प्रान्त की कार्यपालिका शक्ति गवर्नर में निहित थी। इस अधिनियम के कुल 321 धाराएँ एवं 10 सूचियों का समावेश था। इसकी मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार थी- 1. केन्द्र में द्वैध शासन की व्यवस्था 2. अखिल भारत संघ की व्यवस्था 3. प्रान्तों में द्वैध शासन समाप्त कर प्रान्तीय स्वायत्तता की व्यवस्था 4. प्रान्तीय विधानमण्डलों का विस्तार 5. प्रान्तों में मताधिकार का विस्तार 6. विवादों के निपटारे के लिए संघीय न्यायालय अन्तिम न्यायालय नहीं था। अन्तिम न्यायालय प्रिवी

ENTRI
GET IT ON Google Play

काउन्सिल थी। 7. बर्मा (म्यांमार) का भारत से पृथक्करण 8. एक संघीय न्यायालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना

23 - A
भारतीय संविधान को 26 जनवरी के दिन लागू करने का निर्णय इसलिए किया गया, कांग्रेस ने इसी तिथि को 1930 ई. में भारत के प्रथम स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया था। 26 जनवरी, 1930 ई. को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वतन्त्रता की माँग की थी और प्रत्येक 26 जनवरी को स्वतन्त्रता के पूर्व तक स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था।

24 - C
''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा'' - यह कथन बाल गंगाधर तिलक का है। इन्होंने होमरूल आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तिलक ने 1916 ई. में लखनऊ में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में स्वराज्य की माँग करते हुए कहा था। 1916 ई. में सर्वप्रथम बेलेन्टाइन शिरोल द्वारा इन्हें 'भारतीय अशान्ति का जनक' कहा गया।

25 - D
मद्रास महाजन सभा की स्थापना 1884 ई. में हुई थी। मद्रास के युवा नेताओं एम.वी राघव, पेरियार, जी सुब्रह्मण्यम अय्यर, पी. आनन्दाचार्य ने 1884 ई. में मद्रास महाजन सभा की स्थापना की थी। इसका एक सम्मेलन दिसम्बर, 1884 ई. से 2 जनवरी 1885 ई. तक हुआ। इस समय विधानपरिषदों के विस्तार, इनमें भारतीयों के प्रतिनिधित्व, न्यायपालिका और राजस्व एकत्र करने वाली संस्थाओं के पृथक्करण की माँग की गई थी।

26 - C
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन 28 दिसम्बर, 1885 ई. को 12 बजे बम्बई (अब मुम्बई) स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज के भवन में आयोजित हुआ था जिसमें कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया था। इस अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चन्द्र बनर्जी ने की थी। पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का यह प्रथम अधिवेशन पुणे में आयोजित होना था, लेकिन वहाँ प्लेग फैल जाने के कारण पूना से इसे बम्बई स्थानान्तरित कर दिया गया।

27 - A
लॉर्ड माउण्टबेटन स्वतन्त्र भारत प्रथम गवर्नर-जनरल थे, जबकि स्वतन्त्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी थे। भारत के अन्तिम गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बैटिंक थे।

28 - B
असहयोग आन्दोलन कलकत्ता में कांग्रेस के विशेष अधिवेशन (1920 ई.) में पास हुआ। महात्मा गांधी द्वारा इस आन्दोलन की शुरूआत 1 अगस्त, 1920 ई. को हुई, जो 1922 ई. तक चला। यह आन्दोलन महात्मा गाँधी के नेतृत्व में किया गया पहला जन आन्दोलन था। यह आन्दोलन तीन प्रमुख माँगों के लिए प्रारम्भ किया गया था- 1. खिलाफत का विवाद 2. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के विरूद्ध न्याय 3. स्वराज की प्राप्ति गोरखपुर के चौरी-चौरा काण्ड के कारण गाँधीजी ने 12 फरवरी, 1922 ई. को बारदोली में हुई एक बैठक में असहयोग आन्दोलन को समाप्त करने का निर्णय लिया और आन्दोलन समाप्त हो गया।

29 - C

मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड की रिपोर्ट भारत सरकार अधिनियम 1919 का आधार बनी। भारत सरकार अधिनियम 1919 को मॉन्टेग्यू ने संसद द्वारा निर्मित सरकार और भारत के प्रतिनिधियों द्वारा निर्मित सरकार के बीच सेतु की संज्ञा दी। इस अधिनियम की महत्त्वपूर्ण विशेषता थी- प्रान्तों में द्वैध शासन प्रणाली को लागू करना। इसे 8 प्रान्तों में लागू किया गया था।

30 - C
लाला लाजपत राय को 'शेर-ए-पंजाब' के नाम से जाना जाता था। इनका जन्म 1865 ई. में पंजाब में हुआ था। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे। ये भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस पार्टी के गरम दल के प्रमुख नेता थे। 1920 ई. में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता लाला लाजपत राय ने की थी। 1923 ई. में उन्होंने सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर 'स्वराज्य दल' की स्थापना की थी। 17 नवम्बर, 1928 ई. को साइमन कतीशन का विरोध करते हुए लाठी चार्ज में लगी गहरी चोट के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी।

31 - B
गाँधी-इरवित समझौता 1931 ई. में हुआ था। इस समझौता को 'दिल्ली समझौता' के नाम से भी जाता है। तेज बहादुर सप्रू और एम. आर. जयकर के प्रयासों से हुए इस समझौते हेतु गाँधी जी एवं इरविन के मध्य 17 फरवरी, 1931 ई. से वार्ता प्रारम्भ हुई थी। इस समझौते पर कांग्रेस द्वारा 1931 ई. में कराची अधिवेशन के दौरान मुहर लगाई गई थी। इसके साथ ही कांग्रेस 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' समाप्त करने के लिए तैयार हो गई, साथ ही 'द्वितीय गोलमेज सम्मेलन' में भाग लेने की भी हाँ कर दी गई।

32 - C
1932 ई. में तीसरा गोलमेज सम्मेलन हुआ था।

गोलमेज सम्मेलन	**वर्ष तथा स्थान**
प्रथम गोलमेज सम्मेलन	12 नवम्बर, 1930 ई. से 13 जनवरी, 1331 ई. (लंदन में)
द्वितीय गोलमेज सम्मेलन	7 सितम्बर, 1931 ई. से 1 दिसम्बर, 1931 ई. (लंदन में)
तृतीय गोलमेज सम्मेलन	17 नवम्बर, 1932 ई. से 24 दिसम्बर, 1932 ई.

कांग्रेस ने तृतीय सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

33 - A
इस क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना बी. डी. सावरकर ने 1904 ई. में की थी। इस संगठन का महाराष्ट्र के क्रन्तिकारी संघों में प्रथम स्थान था। अभिनव भारत समाज मैजिनी के तरूण इटली के नमूने पर एक गुप्त सभा थी। 1899 ई. में नासिक में गणपति उत्सव के दौरान 'मित्र मेला' संगठन की स्थापना हुई थी। इसके प्रमुख सदस्य गणेश सावरकर तथा बी. डी. सावरकर (सावरकर बन्धु) थे। यही संगठन कालान्तर में अभिनव भारत समाज के रूप में परिवर्तित हो गया।

34 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

14 जुलाई, 1942 ई. को वर्धा मे आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' पर एक प्रस्ताव पारित किया गया। बम्बई में कांग्रेस अधिवेशन में भारत छोड़ो प्रस्ताव को थोड़े बहुत संशोधन के बाद 8 अगस्त, 1942 ई. को पास कर दिया। इसी अधिवेशन में भाषण देते हुए गाँधी जी ने अपने सम्बोधन में कहा था, मैं आपको एक मन्त्र देता हूँ- 'करो या मरो', जिसका अर्थ था कि 'हम भारत को आजाद कराएँगे या इस समाज में अपनी जान दे देंगे।'

35 - B
श्री दीपनारायण सिंह के प्रयत्नों से बिहार प्रान्तीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन हुआ। वे स्वतन्त्र भारत में बिहार राज्य की विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष और सक्रिय स्वतन्त्रता सेनानी थे।

36 - D
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन पटना के बाँकीपुर में 1912 ई. में हुआ था। इसकी अध्यक्षता आर. एल. मधुलकर ने की थी।

37 - A
बिहार स्टुडेन्ट कॉन्फ्रेन्स का 16वाँ अधिवेशन 1921 ई. में हजारीबाग में हुआ था।

38 - C
फतेहपुर, कानपुर एवं भागलपुर शहर गंगा नदी के किनारे स्थित है। उत्तरकाशी गंगा नदी के किनारे स्थित नहीं है।

39 - A
अमृतसर एवं शिमला लगभग एक ही अक्षांश पर स्थित हैं, किन्तु इनकी जलवायु में भिन्नता देखने को मिलती है। ऐसा दोनों की समुद्र तल से ऊँचाई में भिन्नता के कारण होता है। शिमला समुद्र तल से 2000 मीटर से भी अधिक ऊँचाई पर अवस्थित है।

40 - A
देश में प्राचीनकाल की गोण्डवाना शैलों में कुल कोयले का 98% भाग पाया जाता है। जबकि तृतीयक अथवा टर्शियरी युगीन कोयला मात्र 2% है। झारखण्ड में कोयले की खानें झरिया, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, उत्तरी एवं दक्षिण करनपुरा, औरंगा, ललमटिया, डाल्टनगंज, हटार इत्यादि में अवस्थित हैं। झरिया कोयला क्षेत्र 450 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है एवं यहाँ राज्य का लगभग 50% कोयला का उत्खनन किया जाता है।

41 - A
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के प्रथम तीन बड़े राज्य क्रमशः राजस्थान (3,42,239 वर्ग किमी.), मध्य प्रदेश (3,08,245 वर्ग किमी.) तथा महाराष्ट्र (3,07,713 वर्ग किमी.) हैं। गोवा क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य है जिसका क्षेत्रफल 3702 वर्ग किमी. है।

42 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

देश के कुल गेहूँ उत्पादन का लगभग 35.39% अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश का कुल खाद्यान्न उत्पादन में भी पहला स्थान है। गन्ना एवं आलू के उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश का देश में पहला स्थान है। दूसरे व तीसरे स्थान पर पंजाब व हरियाणा है।

43 - A
गन्ना उत्पादन में भारत के तीन अग्रणी राज्य इस प्रकार हैं-

सूची-I (राज्य)	**सूची-II (कुल भारत में उत्पादन का)**
1. उत्तर प्रदेश	35.81%
2. महाराष्ट्र	25.40%
3. तमिलनाडु	10.83%

44 - C
भारत में अनुसूचित जाति (SC) के लोगों की सर्वाधिक जनसंख्या उत्तर प्रदेश राज्य में पाई जाती है। 2001 ई. की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की हिस्सेदारी 21.1% (35,148,377) है।

45 - B
भारतीय कोयला उद्योग की मुख्य समस्याएँ निम्नलिखित हैं: (i) निम्न कोटि का कोयला एवं कोयला संचालन में बाधा (ii) कोकिंग-कोयला के आयात पर बढ़ती निर्भरता (iii) धुलाई संस्थानों की उपयोग क्षमता मे कमी (iv) कार्य संचालन कीमतें उपरोक्त में से सभी सही हैं।

46 - D
दुम्मटी मिट्टी में बालू कण, चिकना कण एवं पांशु कण तीनों मिलते हैं। वस्तुतः लोम मिट्टी तीनों का उपर्युक्त मिश्रण है।

47 - C
बलुई मिट्टी में पानी सोखने की अधिक क्षमता होती है, जिससे वहाँ स्थित पौधों को पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है।

48 - D
लोम मिट्टी में कोशिका सबसे अधिक प्रभावशाली होती है।

49 - B
वेगनर का महाद्वीपीय प्रभाव सिद्धान्त इस तथ्य को सिद्ध करता है कि महाद्वीप, विवर्तणिक क्रिया के परिणामस्वरूप अलग हुए। अल्फ्रेड वेगनर ने 1921 ई. में सम्पूर्ण विश्व की जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी समस्या को सुलझाने के लिए अपना 'महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धान्त' प्रस्तुत किया। उनके अनुसार कार्बनीफेरस युग में विश्व के सम्पूर्ण महाद्वीप एक में मिले थे, जिसे उन्होंने 'पैन्जिया' नाम दिया। इस स्थलखण्ड के चारों ओर स्थित विशाल जल भाग 'पेन्थालासा' के नाम से था। कालान्तर में 'पैन्जिया' के विखण्डन होने से तथा विखण्डित भाग के प्रवाहित होने से विभिन्न महाद्वीपों और महासागरों की वर्तमान स्थिति

ENTRI
GET IT ON Google Play

प्राप्त हुई है। 1962 ई. में हैरी हेस ने महाद्वीपीय भागों से सम्बन्धित अपना प्लेट विवर्तनिक सिद्धान्त प्रस्तुत किया। जिसके अनुसार सभी महाद्वीप एवं महासागर विभिन्न प्लेटों के ऊपर स्थित हैं। जो हमेशा संचरणशील हैं। इनकी गति के कारण ही महाद्वीपों एवं महासागरों का वर्तमान स्वरूप व्यवस्थित हुआ।

50 - D
सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले विभिन्न ग्रहों, उपग्रहों, धूमकेतुओं, क्षुद्रग्रहों तथा अन्य अनेक आकाशीय पिण्डों के समूह या परिवार को सौरमण्डल कहते हैं। अतः निहारिका सौरमंडल का भाग नहीं है। तारों के बीच बादल, धूल, हाइड्रोजन गैस, हीलियम गैस और अन्य आयनित गैसों को मूल रूप से नीहारिका (Nibulae) कहा जाता है।

51 - B
अरब सागर के पानी की औसत लवणता या खारापन लगभग 35ppt है। वास्तव में समुन्द्रों की औसत लवणता 35 ppt होती है।

52 - B
काहिरा (मिस्त्र) का समय ग्रीनविच से दो घण्टा आगे है। अतः इसकी स्थिति 30° पूर्वी देशान्तर पर होगी।

53 - D
तकला मकान मरुस्थल चीन में 38◦ उत्तरी अक्षांश से 41◦ उत्तरी अक्षांश तथा 78◦ पूर्वी देशान्तर से 88◦ पूर्वी देशान्तर के मध्य तारिम बेसिन में है। इसके उत्तर में थ्यानशान पर्वत तथा दक्षिण में क्युनलून पर्वत है। इसकी औसत ऊँचाई 600 मी. है। यह मरुस्थल लगभग 3,20,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला हुआ है। इस मरुस्थल में बालुका स्तूपों के निरन्तर बदलते रहने का स्वरूप दिखाई देता है। यह विश्व के बड़े मरुस्थलों में से एक है।

54 - A
बाब-अल-मनदेव जलसंधि हिन्द महासागर और लाल सागर को अलग करती है। इसकी स्थिति यमन और जिबूती के मध्य है।

55 - B
नाइन्टी ईस्ट रिज (90 East Ridge) हिन्द महासागर में अवस्थित है। यह लगभग 5,000 किमी. लम्बी है।

56 - B
सिडनी शहर ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रान्त में स्थित है। 'केनबरा' आस्ट्रेलिया की राजधानी हैं, 'वेलिंगटन' न्यूजीलैण्ड की राजधानी, सउदी अरब की राजधानी 'रियाद' है। सिडनी आस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा एवं सबसे पुराना शहर है। यह शहर मरे-डार्लिंग बेसिन का सबसे अधिक सुन्दर शहर है।

57 - C
चीन विश्व में सबसे अधिक कोयला उत्पादन करने वाला देश है। कोयला हमारा सबसे बड़ा खनिज संसाधन है, विश्व में कोयला उत्पादन के मामले में चीन और अमेरीका के बाद भारत

का तीसरा स्थान है। कोयले के संचित भण्डार की दृष्टि से अमेरीका का प्रथम स्थान है। इसके बाद क्रमशः रूस, चीन, ऑस्ट्रेलिया एवं भारत का स्थान आता है।

58 - C
वलन क्रिया पर्वत-निर्माणकारी बल का परिणाम है। पृथ्वी के आन्तरिक भाग में उत्पन्न अन्तर्जात बलों के क्षैतिज संचलन द्वारा धरातलीय चट्टानों की कठोरता, कोमलता, दबाव एवं संपीडन के परिणामस्वरूप लहरों के रूप में पड़ने वाले मेड़ों को वलन-क्रिया (Folding) कहा जाता है। जिससे वलित पर्वतों का निर्माण होता हैं। जैसे- हिमालय, रॉवी, इण्डीज। ये विश्व के सबसे नवीन पर्वत हैं।

59 - A
पृथ्वी सागरीय जल में मिलने वाली लवणता का प्रमुख स्त्रोत है। स्थानीय भागों से प्रवाहित होकर सागरों में गिरने वाली नदियाँ और सागरीय लहरों से तटीय भागों के किए जाने वाले अपरदन के परिणामस्वरूप लवणों की कुछ न कुछ मात्रा निरन्तर महासागरों में मिलती रहती है। अतः सागरीय जल में लवणता की मात्रा में वृद्धि होती जा रही है। अनुमान के अनुसार नदियाँ प्रतिवर्ष लगभग 16 करोड़ मीट्रिक टन लवण स्थलीय भागों से महासागरों में बहाकर ले जाती हैं।

60 - A
ऊर्जा के वाणिज्यक स्त्रोतों में विशुद्धतः शक्ति, कोयला, तेल, जल-विद्युत, गैस और यूरेनियम शामिल हैं।

61 - B
बिहार, मध्य प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश में 2010 ई. तक स्थानीय निकायों में महिलाओं का आरक्षण 50% कर दिया गया। उक्त राज्यों के अतिरिक्त राजस्थान उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ तथा मणिपुर राज्यों के स्थानीय निकायों में महिलाओं का आरक्षण 50% कर दिया गया है।

62 - C
शिक्षा के अधिकार को भारतीय संविधान के अन्तर्गत एक मौलिक अधिकार का भी दर्जा प्रदान किया गया है। देश में 6 से 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को वर्ष 2010 ई. तक आठवीं कक्षा तक सन्तोषजनक निःशुल्क और गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के अहम् उददेश्य को लेकर वर्ष 2000-01 में 'सर्व शिक्षा अभियान' की घोषना की गई थी। इसे अब भारतीय संविधान के अन्तर्गत मौलिक अधिकार की श्रेणी में रखा गया है। भारतीय संसद द्वारा 86वें संविधान संशोधन के माध्यम से अनुच्छेद 21 में संशोधन कर 21A जोड़ा गया है। सभी सरकारी विद्यालयों में 6 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी और निजी शिक्षा संस्थान अपने यहाँ कुल सीटों के 25% बालकों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे।

63 - A
भारतीय संविधान में संशोधन करके 1 अप्रैल, 2010 ई. को शिक्षा का अधिकार जोड़ा गया।

64 - A

वर्तमान समय में भारतीय संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 12 अनुसूचियाँ है। मूल संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भाग एवं 8 अनुसूचियाँ शामिल थीं। इस प्रकार 4 अनुसूचियाँ अधिक हो गयी हैं।

65 - C
संसद में निम्न सदन को लोक सभा एवं उच्च सदन या प्रथम सदन को राज्य सभा कहते हैं। राज्य सभा के सदस्यों की अधिक-से-अधिक संख्या 250 हो सकती है। वर्तमान में यह संख्या 245 है। इनमें 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। 12 सदस्यों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा साहित्य, विज्ञान, कला तथा समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष ज्ञान वाले व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

66 - B
लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को प्रस्तुत करती है। इस समिति को प्राक्कलन समिति की जुड़वाँ बहन भी कहा जाता है। इस समिति के 22 सदस्य होते हैं, जिनमें से 15 सदस्य लोकसभा के सदस्यों तथा 7 सदस्य राज्यसभा के सदस्यों द्वारा एक वर्ष के लिए निर्वाचित किए जाते हैं। 1967 ई. में स्थापित नियम के अनुसार इस समिति के अध्यक्ष के रूप में विपक्ष के किसी सदस्य को नियुक्त किया जाता हैं। यह समिति भारत के नियन्त्रक महालेखा परीक्षक द्वारा दिया गया लेखा परीक्षण सम्बन्धों की जाँच करती है।

67 - B
धन-विधेयक की शुरूआत केवल लोकसभा में ही होती है। लोकसभा द्वारा पारित किए जाने पर उसे राज्यसभा में पेश किया जाता है। धन विधेयक के सम्बन्ध में राज्य सभा को केवल सिफारिशें करने का अधिकार है। यह लोकसभा पर निर्भर करता है कि वह राज्यसभा की सिफारिश को स्वीकार करे या नहीं। जिसे मानने के लिए लोक सभा बाध्य नहीं है। इसके लिए राज्य सभा को 14 दिन समय मिलता है। यदि इस समय में विधेयक वापस नहीं होता, तो पारित समझा जाता है। राज्यसभा, लोकसभा द्वारा पारित धन-विधेयक में संशोधन नहीं कर सकती है। कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं इसका निर्णय लोकसभा अध्यक्ष करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 के अनुसार धन विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति से लोकसभा में पेश किया जाता है। धन-विधेयक पर राष्ट्रपति अपनी सहमति देने के लिए बाध्य है तथा उसे पुनर्विचार हेतु नहीं लौटा सकता है।

68 - A
भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक निराकरण का अधिकार गैर-नागरिकों अर्थात विदेशियों को भी उपलब्ध है।

69 - A
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जा सकती हैं। 44वें संविधान संशोधन द्वारा यह उदघोषणा सम्पूर्ण भारत में या उसके किसी भाग में की जा सकती है। अनुच्छेद 356 के तहत् राज्यों में राष्ट्रपति शासन की उदघोषणा की जाती है तथा अनुच्छेद 360 के तहत् राष्ट्रपति द्वारा देश के वित्तीय आपात की उदघोषणा की जाती है। अभी तक 3 बार राष्ट्रीय आपात् की घोषणा की जा चुकी है।

70 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय का गठन 1950 ई. में किया गया था। यह देश का उच्चतम न्यायालय है, जिसमें अपील की जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट मार्शल को छोड़ अन्य किसी भी उच्च न्यायालय या अदालतों की सुनवाई कर सकता है।

71 - B
राज्यपाल, राज्य सरकारों का संवैधानिक प्रमुख होता है, वह प्रत्यक्ष रूप से अथवा अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से इसका उपयोग करता है। राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख राज्यपाल होता है, जो मन्त्रिपरिषद् की सलाह के अनुसार कार्य करता है। कुछ मामलों के राज्यपाल को विवेकाधिकार दिया गया है, वह मन्त्रिपरिषद् की सलाह के बिना कार्य करता है। यह प्रावधान जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों के लिए लागू होता है।

72 - A
CDP एवं NES के पुनर्गठन के लिए 1957 ई. में राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC) द्वारा बलवन्त राय मेहता समिति की स्थापना की गई थी। इस समिति ने ग्रामीण स्थानीय सरकार की त्रि-स्तरीय प्रणाली का सुझाव दिया था। इस समिति की सिफारिशों को 1 अप्रैल, 1958 ई. को लागू किया गया और इस सिफारिश के आधार पर राजस्थान राज्य की विधान सभा ने 2 सितम्बर, 1959 ई. को पंचायती राज अधिनियम पारित किया। इस अधिनियम के आधार पर 2 अक्टूबर, 1959 ई. को राजस्थान के नागौर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायती राज का उदघाटन किया गया।

73 - B
बलवंत राय मेहता सिफारिशों के आधार पर स्थापित पंचायती राज व्यवस्था में कई कमियाँ उत्पन्न हो गई, जिन्हें दूर करने के लिए सिफारिश करने हेतु 1977 ई. में अशोक मेहता समिति का जनता पार्टी सरकार द्वारा गठन किया गया था। अशोक मेहता समिति ने पंचायती राज प्रणाली की द्वि-स्तरीय सरकार की सिफारिश की थी। इस समिति ने 1978 ई. में अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंपी थी। रिपोर्ट में कुल 132 सिफारिशें की गई थी।

74 - D
केंद्र सरकार के भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मन्त्रालय द्वारा 'लघु रत्न' श्रेणी-I उद्योग को अधिकतम 500 करोड़ रूपये धनराशि तक की वित्तीय स्वायत्तता दी गई है।

75 - C
भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत वर्ष 1994 ई. में 243 किग्रा के बराबर थी।

76 - D
भारत में सर्वप्रथम तेल/ऊर्जा संकट 1970 ई. और 1980 ई. के दौरान उत्पन्न हुआ था।

77 - B
भारत में राज्य विद्युत बोर्डों की वित्तीय रूग्णता के निम्नलिखित कारण हैं- (i) कृषि तथा घरेलू उपभोक्ताओं को उत्पादन-लागत से कम कीमत पर बिजली का विक्रय करना। (ii) प्रसारण तथा संवितरण हानियों का काफी ज्यादा होना। (iii) राज्य विद्युत बोर्डों के लिए वाणिज्यिक स्वायत्तता में कमी होना। (iv) राज्य सरकारों द्वारा विद्युत बोर्डों के माध्यम से सामाजिक परिदान नीतियों को क्रियान्वयन किया जाना।

ENTRI
GET IT ON Google Play

78 - C
भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था के नाम से जानी जाती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र (Private Sector) के सह-अस्तित्व को महत्ता प्रदान की गई है। इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था की संज्ञा दी गई है, क्योंकि यहाँ पर सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों की मिलकर विकास के कार्य कर रहे हैं।

79 - B
जनता दल पार्टी की केन्द्र में सत्तारूढ़ सरकार ने पाँचवी पंचवर्षीय योजना को उसकी अवधि के एक वर्ष पूर्व ही अर्थात् चार वर्ष (1974-78 ई.) में ही समाप्त करके 1 अप्रैल, 1978 ई. से एक नई योजना प्रारम्भ कर दी थी। इस योजना को 'चल योजना' अथवा 'अनवरत योजना' (Rolling plan) नाम दिया गया था। इसके तहत चालू वर्ष के लिए एक योजना होती थी, जिसमें वार्षिक बजट शामिल होता था। यह अर्थव्यवस्था की आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष संशोधित होती थी।

80 - A
भारत में योजना आयोग का गठन 15 मार्च, 1950 ई. में परामर्शदात्री व विशेषज्ञ संस्था के रूप में सरकार के एक प्रलेख द्वारा किया गया था। योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता था। यह गैर संवैधानिक निकाय था। इसमें भारत के प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री भी सदस्य होते थे। अब इसके स्थान पर वर्तमान मोदी सरकार द्वारा 'नीति आयोग' बना दिया गया है।

81 - B
सौर विकिरण 400-7000 nm के परास में दिखायी देता है। सौर विकिरण के प्रभाव से नाभिकीय गैसों का वाष्पीकरण हो जाता है

82 - B
खनिज (Minerals) मुख्यतः अकार्बनिक ठोस (Inorganic solids) का प्रारूप होते हैं। खनिज होने के लिए पदार्थ का कठोर एवं क्रिस्टलीय होना अति आवश्यक है। खनिज सम्पदा की उपलब्धता की दृष्टि से भारत की गणना विश्व के खनिज संसाधन सम्पन्न देशों में की जाती है। भारत की भूगर्भिक संरचना में प्राचीन दृढ़ भूखण्ड़ों का सर्वाधिक योगदान है।

83 - C
प्राकृत तत्व में से एक ही प्रकार का परमाणु मिलते हैं।

84 - B
खाने के नमक का निर्माण मजबूत अम्ल एवं मजबूत क्षार की परस्पर अभिक्रिया से होता है। इसका रासायनिक नाम सोडियम कार्बोनेट है। इसकी रासायनिक अभिक्रिया को निम्न प्रकार से दर्शा सकते हैं: $NaOHHCI \rightarrow NaCIH_2O$

85 - C
नमक युक्त मिट्टी (क्षारीय मिट्टी) में उगने वाले पौधे हैलोफाइट्स के नाम से जाने जाते हैं। हैलोफाइट नामक पौधे प्रचुर मात्रा में दलदल और कीचड़ फ्लैट्स में उगते हैं। मरूस्थलीय

ENTRI
GET IT ON Google Play

क्षेत्रों में उगने वाले पौधे को जीरोफाइट्स कहा जाता हैं। जल में उगने वाले पौधो को जलोधभिद के नाम से जाना जाता हैं।

86 - D
पर्यावरण का निर्माण जीवीय घटकों (Biotic Factors), अजैव घटकों (Abiotic Factors) तथा भू-आकृतिक घटकों (Physiographic Factors) इत्यादि सभी से होता है।

87 - D
संवहनी पौधों (Vascular Plants) में पानी जाइलम ऊतक की सहायता से ऊपर चढता है। यह एक जटिल ऊतक हैं जो जड़, तना तथा पत्ती में स्थित संवहन पूलों में मौजूद रहते हैं। इन्हें जल संवाहक ऊतक भी कहा जाता है। इनका कार्य जड़ों से अवशोषित जल एवं खनिज लवणों को पौधों के विभिन्न अंगों में पहुँचाना है।

88 - C
पौधों में फूल बनने का उद्दीपन पत्ती (पर्ण) ग्रहण करती है। पौधे के पुष्प बनने का उद्दीपन प्रकाशग्राही वर्णक फाइटोक्रोम के द्वारा ग्रहण किया जाता है तथा यह वर्णक पत्ती में पाया जाता है, क्योंकि इसी भाग से पत्तियाँ प्रकाश संशलेषण (Photosynthesis) करके अपना भोजन $C_6H_{12}O_6$ बनाती हैं।

89 - C
सहज प्रणाली का परिवर्द्धन प्रणाली की स्वपोषी क्रिया है।

90 - D
आनुवंशिकता और विचरण का अध्ययन आनुवंशिक कहलाता है। आनुवंशिकी जीव विज्ञान की वह शाखा है जिसमें वंशागति, वंशागति के नियम, कारकों तथा विभिन्नताओं का अध्ययन किया जाता है। जेनेटिक्स या आनुवंशकी वे लक्षण हैं जो पीढ़ी-दर पीढ़ी संचरित होते हैं। आनुवंशिकता के बारे में सर्वप्रथम जानकारी आस्ट्रिया निवासी ग्रेगर जान मेन्डेल ने दी थी।

91 - C
मेन्डेल का आनुवंशिकता का सिद्धांत लैंगिक जनन (Sexual reproduction) पर आधारित है ग्रेगर जान मेन्डेल (1822-1884 ई.) को 'आनुवंशिकी का पिता' कहते हैं। उन्होंने मटर के पौधे पर अपना प्रयोग किया था।

92 - C
निषेचन के फलस्वरूप युग्मनज बनता है जो परिवर्तित होकर भ्रूण बनाता है तथा पुष्प का बीजांड बीज में परिवर्तित हो जाता है। युग्मनज का बनना एवं परिवर्तन दोनों क्रियाएँ बीजांड में होती हैं। इस तरह भ्रूण बीज में बनता है। जब एक भ्रूण अंकुरित होना शुरू करता हैं तथा बीज से बाहर आता है तो इसे अंकुरण कहा जाता है।

93 - C
प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया पौधों के हरे भाग में पाए जाने वाले क्लोरोप्लास्ट में सम्पन्न होती है। पौधों में जल, प्रकाश पर्णहरित एवं कार्बन डाइ-ऑक्साइड (CO_2) की उपस्थिति में

ENTRI
GET IT ON Google Play

कार्बोहाइड्रेट्स के निर्माण की प्रक्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहा जाता है। इसे हिल क्रिया (Hill Reaction) भी कहते हैं। क्लोरोप्लास्ट पौधों की पत्तियों में विधमान रहते हैं।

94 - D
लैंगिक जनन से आनुवंशिक विचरण जीन के सम्मिश्रण, क्रोमोसोम के बदलाव, जीन के मिश्रण आदि के माध्यम से होता है।

95 - C
'बिल तथा मेलिंडा गेट्स फाउण्डेशन' द्वारा स्थापित भारत के लिए कार्यक्रम 'AVAHAN' एच.आई.वी./एड्स (HIV/AIDS) के प्रतिरोध के लिए कार्यरत है।

96 - C
भारत में 2-G स्पेक्ट्रम घोटाल कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के शासनकाल में 122 लाइसेंस के मुद्दे 2-G में 35 कम्पनियों को कम मूल्य की स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराने से सम्बन्धित था। '2-G स्पेक्ट्रम' में अक्षर 'G' का अर्थ द्वितीय जनरेशन (2nd Generation) है।

97 - D
पूर्व केन्द्रीय मन्त्री श्री ए. राजा का सम्बन्ध द्रविड़ मुनेत्र कणगम (DMK) नामक राजनीतिक दल से है। 15वीं लोक सभा में नीलगिरी (तमिलनाडु) क्षेत्र से संसद चुने जाने पर उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बनाया गया। राजा को 2-G स्पेक्ट्रम घोटाला के कारण अपने पद से त्याग-पत्र देना पड़ा। वे इस कथित घोटाले में मुख्य आरोपी हैं।

98 - D
टिस्को (TISCO) संयन्त्र झारखण्ड राज्य में जमशेदपुर में स्थित है। इसे 'टाटानगर' या 'स्टील सिटी' भी कहा जाता है। इसकी स्थापना 1907 ई. में जमशेद जी टाटा के द्वारा की गई थी। यह निजी क्षेत्र में कार्यरत लौह इस्पात संयन्त्र हैं।

99 - D
$x – [y – \{z – (x – y + z)\}] = x – [y – (z – x + y – z)] = x – [y + x – y] = x – x = 0$

100 - A
प्रश्नानुसार, $f(x) = \log x$

$\therefore f(y)=\log y$ अब,

$f(x) + f(y) = \log x + \log y = \log (xy) = f(xy)$

101 - B
उपरोक्त आँकड़ों का आरोही क्रम में रखने पर, 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16 यहाँ कुल अंकों की संख्या = 8 = N (माना) जोकि सम है।

ENTRI

GET IT ON Google Play

$$\therefore \text{ माध्यिका } = \frac{\left(\frac{NN}{2}\right) \text{ वाँ पद } + \left(\frac{NN}{2}+1\right) \text{ वाँ पद}}{2}$$

$$= \frac{\frac{8}{2} \text{ वाँ पद } + \left(\frac{N8}{2}+1\right) \text{ वाँ पद}}{2}$$

$$= \frac{4 \text{ वाँ पद } + 5 \text{ वाँ पद}}{2}$$

$$= \frac{8+10}{2} = \frac{18}{2} = 9$$

102 - C

माना कि,

$$A = \begin{bmatrix} 5 & 2 \\ 7 & 3 \end{bmatrix} \quad adj(A) = \begin{bmatrix} 3 & -2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix} \quad |A| = 5 \times 3 - 7 \times 2 = 15 - 14 = 1$$

$$\therefore A^{-1} = \frac{adj(A)}{|A|} = \begin{bmatrix} 3 & -2 \\ -7 & 5 \end{bmatrix}$$

103 - D

अभीष्ट क्षेत्रफल $= \frac{\pi r 2\theta}{360}$

(जहाँ r = त्रिज्या) $= \frac{22 \times 144 \times 6}{7 \times 360} = \frac{3168}{420}$ वर्ग सेमी. = 7.54 वर्ग सेमी.

104 - C

वृत्ताकार पथ का परिमाप =

$$\frac{2200}{7}$$

$$\Rightarrow 2\pi r = \frac{2200}{7}$$

(जहाँ r = त्रिज्या)

$$\therefore r = \frac{2200 \times 7}{2 \times 22 \times 7} = 50$$ मी.

105 - D

अभीष्ट निर्देशांक $= \left(4-42,682\right) = \left(02,142\right) = (0, 7)$

106 - A

ENTRI
GET IT ON Google Play

प्रश्नानुसार दिया गया समीकरण, $\frac{d^2y}{dx^2} - 3\frac{dy}{dx} + 2y = e^{5x}$ $\Rightarrow (D2-3D2)=e5x$ अर्थात् $(D-1)(D-2)y=e5x$ अतः

C.F. $y=C1exC2e2x$ $P.I.=1(D-2)(D-1)e5x=\left[1(D-2)-1(D-1)\right]e5x$ $=1(D-2)e5x-1(D-1)e5x$ $=e2x\int e5x.e-2$

$xdx-ex\int e5x.e-xdx$ $=e2x\left(e3x3\right)-ex\left(e4x4\right)$ $=e5x3-e5x4$ $=e5x12$ अतः दिए गए समीकरण का मानक समीकरण है- $y=C1exC2e2x112e5x$

107 - C



उपरोक्त ΔPQR में, $\angle Q=120\circ;PQ=PR$ $\therefore \angle Q=\angle R$ [समान भुजा के आधार के कोण बराबर होते हैं] $\therefore PQR=180\circ$ [त्रिभुज के तीनों कोणों का योगफल $180\circ$ होता है] $\therefore 120\circ\angle Q\angle Q=180\circ$ $\therefore 2\angle Q=180\circ-120\circ$ $\therefore \angle Q=60\circ2=30\circ$ $\therefore \angle Q=30\circ$ तथा $\angle R=30\circ$

108 - B

$\lim_{n\to\infty} \frac{a^x - b^x}{x}$ $=\lim n\to\infty\left[\left(ax-1x\right)\left(bx-1x\right)\right]$ $=\log e(a)-\log e(b)$ $=\log eab$

109 - B

2001 ई. की जनगणना के अनुसार, बिहार भारत का तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। 2001 ई. में बिहार राज्य की कुल जनसंख्या 8,29,98,509 थी जोकि 2011 ई. की जनगणना में बढकर 10,38,04,637 हो गई है। 2011 ई. की जनगणना के अन्तिम आँकड़ों के अनुसार भारत के

ENTRI
GET IT ON Google Play

सर्वाधिक जनसंख्या वाले 5 राज्य निम्न प्रकार हैं-

राज्य	जनसंख्या
1. उत्तर प्रदेश	19,95,81,477
2. महाराष्ट्र	11,23,72,972
3. बिहार	10,38,04,637
4. पश्चिम बंगाल	9,13,47,736
5. आन्ध्र प्रदेश	8,46,65,533

110 - A
भारत की 2001 ई. की जनगणना के अनुसार, बिहार राज्य की कुल जनसंख्या 8,29,98,509 है। 2011 ई. की जनगणना के अनुसार बिहार राज्य की कुल जनसंख्या 10,38,04,637 है। 2011 ई. की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 8.57% है।

111 - B
पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र का मुख्यालय हाजीपुर (बिहार) में स्थित है। इसकी स्थापना 1 अक्टूबर, 2002 ई. को हुई थी। इसकी स्थापना तत्कालीन रेलवे मंत्री रामविलास पासवान ने की थी। यह स्थान केले के उत्पादन के लिए भी प्रसिद्ध है।

112 - A
बिहार में उद्योगों का कमिश्नर दफ्तर, विकास भवन, बेली रोड, पटना-800001 में स्थित है।

113 - C
उत्तर बिहार हाल के वर्षों में अपनी बाढ़ विभीषिका के लिए प्रसिद्ध रहा है। बाढ़ इस क्षेत्र की आम समस्या है। उत्तर बिहार की भूमि कृषि समृद्धि के लिए भी जानी जाती है।

114 - D
पटना शहर राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (NH-2) पर स्थित नहीं है। पटना के पास से राष्ट्रीय राजमार्ग NH-19, NH-30, NH-31 और NH-83 गुजरते हैं। बिहार में यह राष्ट्रीय राजमार्ग बरही, शेरघाटी, डेहरी ओन-सोन, औरंगाबाद, मोहिनया एवं सासाराम से गुजरता है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की बिहार में कुल लम्बाई 392 किमी. है।

115 - A
पटना स्थित जयप्रकाश अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा काठमाण्डू (नेपाल), नई दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई, लखनऊ, वाराणसी तथा राँची से सीधे जुड़ा हुआ है।

116 - D
बिहार में इण्डियन एयरलाइन्स (अब एयर इण्डिया), सहारा एयरलाइन्स (अब जेट लाइट एयरलाइन्स), रॉयल एयरलाइन्स, इण्डिगो, किंगफिशर, जेट एयरवेज आदि द्वारा विमान सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं।

117 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

योजना आयोग के अनुसार 1993-94 में बिहार में गरीबी रेखा के नीचे (BPL) की जनसंख्या 35 प्रतिशत है, जबकि 2004-05 में बिहार में 41.4 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रही हैं।

118 - C
बिहार में यद्यपि 'जमींदारी' सांविधिक रूप से 1952 ई. में हटा दी गई थी तथापि भू-नियन्त्रण का सामाजिक आधार प्रधान जाति के हिन्दू के हाथों में रह गया।

119 - A
बिहार राज्य के विभाजन (नवम्बर, 2000 ई.) से पूर्व कुल 6 औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण थे। ये प्राधिकरण आदित्यपुर, बोकारो, पटना, राँची, दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर में अवस्थित थे।

120 - A
इन्टिग्रेटेड इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेन्ट (IID) बिहार राज्य में निर्यातोन्मुखी इकाइयों की स्थापना के लिए अपेक्षित उच्च-स्तरीय अवसंचरनात्मक सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान देती है।

121 - D
जनवरी 1894 ई. से 'बिहार टाइम्स' का प्रकाशन शुरू हुआ। 1906 ई. में बिहार टाइम्स का नाम परिवर्तित करके 'बिहारी' रखा गया। 'बिहारी' समाचार-पत्र का सम्पादन बाबू माहेश्वर प्रसाद ने किया था।

122 - A
राजकुमार शुक्ल मुरली भरहवा नामक गाँव के वासी थे। ये चम्पारण के एक प्रसिद्ध किसान नेता थे। इन्होंने गाँधीजी को 1917 ई. में चम्पारण भूमि और किसानों के प्रति नील कोठियों के मालिकों के अत्याचार के विरुद्ध ध्यान केन्द्रित कराया था। गांधी जी के बिहार बुलाने में राजकुमार शुक्ल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

123 - B
श्री निवारण चन्द्र दासगुप्ता पुरूलिया से सम्बधित थे।

124 - C
कुँवर सिंह का जन्म भोजपुर जिले के जगदीशपुर गाँव में हुआ था। 25 जुलाई, 1857 ई. को दानापुर के सैनिकों ने विद्रोह कर दिया, तदुपरान्त विद्रोहियों ने कुँवर सिंह को अपना नेता घोषित कर दिया। ये प्रमुख अमर सेनानी व जगदीशपुर के जमींदार थे। एक वर्ष से अधिक समय तक बिहार तथा उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में अंग्रेजों की सत्ता को प्रभावहीन बनाए रखने तथा कई युद्धों में कम्पनी की सेना को पराजित करने के पश्चात इनकी मृत्यु युद्ध में घायल होने के कारण हुई। उनके भाई अमर सिंह ने भी उनका सहयोग किया था।

125 - A
लॉर्ड सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा बिहार-उड़ीसा के प्रथम भारतीय गवर्नर थे। 1919 ई. के भारत सरकार अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित बिहार सरकार के गवर्नर के रूप में 29 दिसम्बर, 1920 ई. को उन्होंने पद ग्रहण किया। इन्होंने 1921 ई. में इस पद से त्यागपत्र दे दिया।

ENTRI
GET IT ON Google Play

126 - B
म्यांमार में लोकतंत्र की समर्थक राष्ट्रीय लीग (एन.एल.डी.) की नेता आंग-सान-सू-की को वर्ष 2009 ई. का शांति और समझौते के लिए महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

127 - B
2011 ई. की जनगणना में फोटो, अँगुली के निशान तथा आँख की पुतली के प्रतिचित्रण के लिए किसी व्यक्ति की न्यूनतम आयु 15 वर्ष निर्धारित की गई है। वर्तमान में मतदान की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है।

128 - A
केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल द्वारा अगस्त 2010 ई. को देश के 6 राज्यों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के समकक्ष संस्थान बनाने का निर्णय लिया गया। ये 6 राज्य हैं- बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तथा उत्तराखण्ड।

129 - D
अगस्त 2010 ई. को 'नैशनल इलेक्शन वाच' द्वारा सभी राजनीतिक दलों में कांग्रेस को सबसे अधिक धनी बताया गया। 1885 ई. में कांग्रेस की स्थापना ए. ओ. ह्यूम ने की थी। जिसकी वर्तमान अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी हैं।

130 - C

पार्टी	सीटें (2010)	सीटें (2005)	लाभ/हानि
JDU	115	88	+27
BJP	91	55	+36
RJD	22	54	-32
LJP	03	10	-07
Cong	04	09	-05
अन्य	08	27	-19
कुल चुनावी सीटें	243	243	

131 - D
मालदीव के मन्त्रिमण्डल द्वारा हाल ही में पानी के अन्दर हुई एक बैठक ने दुनिया-भर का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। यह बैठक समुद्र के जल-स्तर में निरन्तर हो रही वृद्धि के कारण भविष्य में आने वाली विपदा के प्रति विश्व समुदाय का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

132 - D
प्रसिद्ध अमरीकी पत्रिका 'न्यूज वीक' द्वारा 2010 ई. में विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों की सूची के क्रम में फिनलैण्ड का प्रथम स्थान था, जबकि इस पत्रिका द्वारा भारत को 78वें क्रम में रखा गया है।

ENTRI
GET IT ON Google Play

133 - B
'दुनिया के विश्वविद्यालय के अकादमिक क्रम 2010' में प्रथम स्थान यू.एस.ए. के हार्वर्ड विश्वविद्यालय का था। दुनिया के 15 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में 11 विश्वविद्यालय यू.एस.ए. के तथा 4 ब्रिटेन के हैं। यह आकलन चीन के शंघाई जियाओ तोंग विश्वविद्यालय का है। विश्व के विश्वविद्यालयों की अकादमिक रैंकिंग 6 विभिन्न मानकों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष 2003 ई. से की जाती रही है। वर्ष 2010 ई. की ऐसी रैंकिंग जो वर्ष 2009 ई. के लिए है, में शीर्ष स्थान अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय का है। पिछले लगातार 8 वर्षों से हार्वर्ड विश्वविद्यालय का स्थान सर्वोच्च रहा है। दूसरे स्थान पर ब्रिटेन का कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय है।

134 - B
फ्रांस की संसद ने 14 सितम्बर, 2010 ई. को एक कानून बनाकर 'बुर्का' को प्रतिबन्धित कर दिया। फ्रांस की सीनेट में पारित बिल के मुताबिक फ्रांस में किसी सार्वजनिक स्थान पर बुर्का पहनने की मनाही होगी चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म का क्यों न हो। इस बिल को निचले सदन में जुलाई 2010 ई. में पास कर दिया गया था।

135 - B
झारखण्ड के मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा (भाजपा) ने अपने निकटतम झारखण्ड विकास मोर्चा के प्रतिद्वन्द्वी को 17,000 मतों से पराजित किया। श्री अर्जुन मुण्डा ने 11 सितम्बर, 2010 ई. को झारखण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें 81 सदस्यीय विधान सभा के 45 विधायकों का समर्थन प्राप्त था।

136 - C
श्री. पी. जे. थामस को 7 सितम्बर, 2010 ई. को 'केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त' नियुक्त किया गया है। पी. जे. थामस 1973 ई. बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा केरल कैडर के अधिकारी है।

137 - B
16वें एशियाई खेलों में भारत का पदक तालिका में छठा क्रम रहा। इन खेलों में भारत ने 14 स्वर्ण, 17 रजत एवं 33 काँस्य सहित कुल 64 पदक प्राप्त किए।

138 - A
विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शान्तिस्वरूप भटनागर पुरस्कार 2010 ई. पाने वाली प्रथम महिला सुश्री शुभा तोले का सम्बन्ध टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च, मुम्बई से है।

139 - C
अमरीका की 'न्यूज वीक पत्रिका' ने डॉ. मनमोहन सिंह को हाल ही में विश्व राजनेता सम्मान 2010 से सम्मानित किया गया है।

140 - D
राष्ट्रमण्डल खेल, 2010 ई. में भारत ने कुल 101 पदक जीते। इनमें से टीम खेल, महिला और पुरुषों को क्रमशः 1, 36 व 64 पदक मिले। पदक तालिका में भारत का दूसरा स्थान रहा। 177 पदक प्राप्त कर आस्ट्रेलिया इस खेल में प्रथम स्थान पर रहा।

141 - A
इयूरण्ड कप फुटबॉल खेल से सम्बन्धित है। इस टूर्नामेन्ट की शुरुआत 1888 ई. में हुई। यह भारत का प्राचीनतम फुटबॉल टूर्नामेन्ट है। इसकी शुरुआत मूलरूप से भारत में तैनात ब्रिटिश सैनिकों के मनोरंजन के लिए की गई थी।

142 - B
12431-त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल राजधानी एक्सप्रेस निजामुद्दीन से त्रिवेन्द्रम तक 3149 किमी. दूरी तय करती है।

राजधानी ट्रेन	तय अधिकतम दूरी
12429-बैंगलोर सिटी जंक्शन	2365 किमी.
12431-त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल	2365 किमी
12433-चैन्नई सेन्ट्रल	2176 किमी.
12435-डिब्रुगढ़ टाउन	2463 किमी.

143 - A
अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय हेग शहर (नीदरलैण्ड) में स्थित है। यह संयुक्त राष्ट्रसंघ की प्रमुख कानूनी संस्था है। इसे संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 7 के अन्तर्गत प्रमुख अंक के रूप में स्वीकार किया गया है। इसमें कुल 15 न्यायाधीश होते हैं जो आम सभा और सुरक्षा परिषद् द्वारा अलग-अलग चुने जाते हैं। इनका कार्यकाल 9 वर्ष होता है। 15 न्यायाधीशों में से 5 न्यायाधीश सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों के देशों के होते हैं।

144 - D
14 नवम्बर का दिन 'डायबिटीज दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारत में 14 नवम्बर का दिन बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ था। 14 फरवरी वैलेन्टाइन दिवस के रूप में मनाया जाता है जबकि 14 सितम्बर 'हिन्दी दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। 14 मई को किसी राष्ट्रीय अथवा अन्तराष्ट्रीय दिवस की घोषणा नहीं की गयी है।

145 - A
जूलिया गिलार्ड 2010 ई. में ऑस्ट्रेलिया की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं। वह 2010 ई. से 2013 ई. तक इस पद पर रहीं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के 27 वें प्रधानमंत्री के रूप में पद भार ग्रहण किया था।

146 - A
अंटार्कटिका में स्थापित भारत के तृतीय शोध केन्द्र का नाम 'भारती' रखा गया है। अंटार्कटिक में पहला भारतीय शोध केन्द्र 'दक्षिण गंगोत्री' की स्थापना 1983-84 ई. में तथा दूसरा 'मैत्री' भारतीय शोध स्टेशन की स्थापना 1988-89 ई. में की गयी। तीसरे शोध केन्द्र 'भारती' की स्थापना 2019 ई. को शुरू होगी। भारत का प्रथम स्थायी वैज्ञानिक केन्द्र 'दक्षिण गंगोत्री' अब उपयोग के योग्य नहीं रहा तथा इसे बंद कर दिया गया। दूसरा अनुसन्धान केन्द्र 'मैत्री' अभी कार्यशील अवस्था में हैं।

147 - B

ENTRI
GET IT ON Google Play

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का प्रधान प्रधानमन्त्री होता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यकारी तथा भारत के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के प्राथमिक सलाहकार होते है। इस समय श्री अजीत डोभाल इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

148 - D
कूरियर सेवा (Courier Service) से प्रतिस्पर्द्धा के लिए भारतीय डाक विभाग ने 'द्रुत डाक सेवा' (Speed Post Service) का प्रारम्भ 1986 ई. में किया था।

149 - C
भारतवर्ष में सर्वप्रथम दूरभाष का प्रादुर्भाव 1851 ई. में प्रारम्भ हुआ था। परन्तु भारत में प्रथम समाचार पत्र निकालने का श्रेय 'जेम्स ऑगस्टस हिक्की' को मिला। उसने 1780 ई. में 'बंगाल गजट' का प्रकाशन किया, परन्तु इसमें ईस्ट इंडिया कम्पनी की आलोचना की गई थी, जिसके कारण उसका प्रेस जब्त कर लिया गया था।

150 - D
नैशनल काउन्सिल ऑफ एजुकेशन (NCTE) की स्थापना 15 अगस्त, 1906 ई. को हुई थी। यह भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्थान है जो शिक्षा से जुड़े मामलों पर केन्द्रीय सरकार एवं प्रान्तीय सरकारों को सलाह देने का काम करती है। भारत में शिक्षा से जुड़े लगभग प्रत्येक कार्य में नैशनल काउन्सिल ऑफ एजुकेशन की उपस्थिति किसी न किसी रूप में रहती है। इसका मुख्य कार्य शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय को विशेषकर स्कूली शिक्षा के संबंध में सलाह देने और नीति-निर्धारण में मदद करने का है।